# बिहार सरकार
# कला एवं संस्कृति विभाग
# (सांस्कृतिक कार्य निदेशालय)

## कोटेशन आमंत्रण सूचना

सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार, पटना द्वारा 26 जनवरी, 2026 (गणतंत्र दिवस) के अवसर पर गांधी मैदान, पटना में **''परंपरा से संरक्षण तकः कलाकार की सतत यात्रा''** विषय–वस्तु की विभागीय टैब्लो के डिजाइन, निर्माण, सज्जा एवं प्रस्तुतीकरण कार्य हेतु इस क्षेत्र में सक्षम, अनुभवी एवं प्रतिष्ठित एजेंसी/संस्था से निम्नलिखित शर्तों के अधीन मुहरबन्द कोटेशन आमंत्रित किए जाते हैं।

1. **टैब्लो की विषय–वस्तुः**''परंपरा से संरक्षण तकः कलाकार की सतत यात्रा'', टैब्लो के माध्यम से बिहार की समृद्ध कला–संस्कृति, कलाकारों की भूमिका, तथा राज्य सरकार की प्रमुख योजना जैसे मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना एवं मुख्यमंत्री गुरु–शिष्य परंपरा योजना को रचनात्मक, प्रभावशाली एवं सौंदर्यपूर्ण ढंग से प्रदर्शित किया जाना अपेक्षित है।

2. **पात्रता शर्तें:**
   - कोटेशनदाता भारत सरकार/राज्य सरकार में विधिवत पंजीकृत फर्म/एजेंसी/संस्था होना चाहिए।
   - बीते 05 वर्षों में टैब्लो/झांकी निर्माण का कार्य सफलता पूर्वक किया गया हो।
   - कोटेशनदाता को PAN, GST पंजीकरण, एवं अनुभव प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

3. **अन्य नियम एवं शर्तें:**
   - टैब्लो का निर्माण थीमः "परंपरा से संरक्षण तकः कलाकार की सतत यात्रा" के अनुरूप किया जाना अनिवार्य होगा।
   - टैब्लो/मॉडल का निर्माण लकड़ी, प्लाई, फाइबर, थर्माकोल एवं अन्य उपयुक्त सामग्री से किया जाएगा, जिससे मजबूती एवं सौंदर्य दोनों सुनिश्चित हो।
   - टैब्लो में यदि लाइव कलाकारों (Live Artists/Performers) की प्रस्तुति प्रस्तावित की जाती है, तो यह स्पष्ट किया जाता है कि ऐसे सभी कलाकार कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार द्वारा नामित/प्रदान किए जाएंगे।
   - कोटेशनदाता द्वारा किसी भी स्थिति में लाइव कलाकारों की व्यवस्था या भुगतान का दावा नहीं किया जाएगा।
   - टैब्लो/मॉडल के डिजाइन, निर्माण, इंस्टॉलेशन, रख–रखाव एवं अंतिम प्रस्तुति की संपूर्ण जिम्मेदारी कोटेशनदाता की होगी।
   - टैब्लो निर्माण हेतु कोई अग्रिम भुगतान देय नहीं होगा। कार्य की संतोषजनक पूर्णता एवं गणतंत्र दिवस पर प्रस्तुति के पश्चात ही भुगतान किया जाएगा।
   - यदि विभागीय टैब्लो को गणतंत्र दिवस परेड में पुरस्कार प्राप्त होता है, तो प्रस्तावित लागत (Quoted Cost) के अतिरिक्त कोटेशन दाता को निम्नानुसार प्रोत्साहन राशि (Incentive Amount)

देय होगी–प्रथम पुरस्कार (1st Prize) ₹10,000/–,द्वितीय पुरस्कार (2nd Prize) ₹6,000/–,तृतीय पुरस्कार (3rd Prize) ₹3,000/–

- पुरस्कार राशि का भुगतान सक्षम प्राधिकारी द्वारा घोषित परिणाम के पश्चात ही देय होगा।
- टैब्लो की गुणवत्ता, सौंदर्य, स्थायित्व एवं सुरक्षा मानकों का पूर्णतः पालन करना कोटेशनदाता की जिम्मेदारी होगी।
- टैब्लो के डिजाइन, निर्माण, इंस्टॉलेशन एवं पूर्ण प्रस्तुति का समस्त कार्य विभाग द्वारा निर्धारित एवं सूचित समय–सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाना होगा।
- निर्धारित समय–सीमा के भीतर कार्य पूर्ण नहीं होने की स्थिति में विभाग को यह अधिकार होगा कि वह कोटेशनदाता के विरुद्ध उचित दंडात्मक कार्रवाई करे अथवा कार्य को निरस्त करते हुए किसी अन्य एजेंसी से कार्य संपादित कराए।
- समय–सीमा का उल्लंघन होने पर कोटेशन दाता को किसी प्रकार के अतिरिक्त भुगतान या क्षतिपूर्ति का दावा स्वीकार्य नहीं होगा।
- विभाग को यह अधिकार सुरक्षित रहेगा कि वह बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी कोटेशन को निरस्त कर सके।

सभी आवश्यक दस्तावेजों एवं अनुलग्नकों सहित कोटेशन प्रस्ताव दिनांक 14 जनवरी, 2026 को अपराह्न 2:00 बजे तक सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, कमरा संख्या– 321, तृतीय तल, विकास भवन (नया सचिवालय), पटना में जमा किए जाएंगे। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त कोटेशन पर विचार नहीं किया जाएगा।

06/1/26

निदेशक
सांस्कृतिक कार्य निदेशालय
कला एवं संस्कृति विभाग
बिहार सरकार